तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024

12 लोस चुनावः कैश व नशीले पदार्थ पकड़े जाने पर होगी वीडियोग्राफी



12 सुदीर्घ तप की स्मृति का ऐतिहासिक पारणा ...



## खबर संक्षेप

### जय श्रीश्याम गोशाला में भंडारा 12 को

**कुरुक्षेत्र।** जय श्री श्याम गोशाला अभिमन्युपुर(अमीन) में 12 मई को गौ पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार को होने वाले इस आयोजन की जानकारी देते हुए प्रधान महावीर सिंगला ने बताया कि पवित्र बैसाख माह के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे गौपूजन व भजन-कीर्तन होगा। दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर कई गौभक्त व समाजसेवी शामिल होंगे।

### आत्महत्या को मजबूर करने वाली गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 11 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित व अन्य ने उसके पुत्र को आत्महत्या के लिए मानसिक रूप से परेशान किया जिससे तंग आकर उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

### अफीम तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर के गांव ठरवा से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार को 12 ग्राम अफीम व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने गांव ठरवा के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने के बाद आरोपी से अफीम जब्त की थी।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। इस्टनगर दुर्गानगर के सुखचैन सिंह ने 1 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित कुमार व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### मादक पदार्थ तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नौल्था में डिडवाड़ी मोड़ पर एक नशा तस्कर को 1 किलो 20 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। बरामद अफीम की बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपये बताई जा रही है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि आरोपी की शिनाख्त सुमित उर्फ मोनू पुत्र ईश्वर निवासी गांव चिड़ी जिला रोहतक के रूप में हुई। पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार इसराना सौरभ की मौजूदगी में तलाशी ली तो पेंट की जेब से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम का वजन करने पर 1 किलो 20 ग्राम पाया गया।

### बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय प्राचीन व ऐतिहासिक मेले का आयोजन

# हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख-शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव धौलरा में स्थित बलभद्र जी के मंदिर में शुक्रवार को एक दिवसीय प्राचीन व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान बलभद्र जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर प्रशाद चढ़ाया तथा सुख-शांति की कामना की।

- श्रद्धालुओं ने मंगलकामना को लेकर किया भंडारों का आयोजन

मेले में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मेले में दुकानदारों द्वारा सैंकड़ों की संख्या में दुकानें सजाई गई थी। जिन पर ग्रामीणों ने खरीदी की। मेले का शुभारंभ धौलरा के पूर्व सरपंच संजू शर्मा ने किया। मेले में लगी दुकानों पर क्षेत्र के लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेलें में आए भक्तों के लिए समाजसेवी ओमप्रकाश धौलरा, संजू धौलरा व अन्य ग्रामीणों ने विशाल भंडारे का आयोजन करवाया। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रशाद ग्रहण किया। मेले में स्थानीय लोगों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए गन्ने के रस, जलजीरा, बुंदी के प्रशाद, छोले भटूरे आदि का लंगर चलाया गया।

गांव के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले का आयोजन महाभारतकाल से होता आ रहा है। मंदिर में स्थापित मूर्ति हजारों वर्ष पूर्व खुदाई के दौरान मिली थी। जिसे गांव के लोगों ने एक पीपल के पेड़ के नीचे रख दिया था।

उन्हीं दिनों जगाधरी के एक सेठ बंसीलाल के यहां कोई संतान नहीं थी। तभी उनके सपने में भगवान बलभद्र जी ने दर्शन दिये और सेठ बंसीलाल को गांव धौलरा में उनका एक मंदिर बनवाने को कहा। जिस पर सेठ बंसीलाल ने गांव में पेड़ के नीचे रखी भगवान बलभद्र जी की मूर्ति को वहां से उठाकर बैलगाड़ियों द्वारा जगाधरी लाने की योजना बनाई। लेकिन जैसे ही सेठ बंसीलाल मूर्ति को बैलगाड़ी में लादकर गांव की सीमा के बाहर निकलने लगा तो बैलगाड़ी के बैल अंधे हो गये। जिसके बाद सेठ को अपनी गलती का एहसास हुआ। सेठ बंसीलाल ने तभी भगवान बलभद्र जी का मंदिर गांव में बनवाया। जिसके बाद सेठ बंसीलाल के घर बेटे ने जन्म लिया। तब से गांव में हरवर्ष सतवा तीज के दिन मेले का आयोजन होता आ रहा है।

उन्होंने बताया कि भगवाना बलभद्र जी के मंदिर में लोग अपनी मनोकामना के लिए आते हैं। जहां सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।





यमुनानगर के गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में लाइनों में लगे श्रद्धालु व मेले में लगी दुकान से खरीदारी करते ग्रामीण।

# घरों में काम करने वाली बच्ची की परिवार ने कर दी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

घरों में काम करने वाली एक किशोरी की परिजनों ने शादी कर दी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है। दरअसल एमडीडी ऑफ इंडिया के पास कॉलर द्वारा सुबह सूचना दी गई की एक बच्ची उम्र लगभग 15 वर्ष का बाल विवाह हुआ है। सेक्टर 10 की हाउसिंग बोर्ड में यह विवाह हुआ है। कॉलर ने बताया दस दिन पहले बच्ची का विवाह हुआ है। यह सूचना परमजीत सिंह बड़ौला के संज्ञान में लाई गई। बडौला द्वारा तुंरत कार्रवाई करते हुए एवीएससी अजय तिवारी को निर्देश दिए कि बच्ची की जानकारी तुंरत प्रभाव से अतिरिक्ति उपायुक्त व बाल विवाह निषेध अधिकारी को पत्र द्वारा ईमेल के माध्यम से दी जाए। परिवार के पास जाकर बच्ची के दस्तावेज इकटठे किए जाए ताकि बच्ची की सही उम्र का पता किया जा सके।

- जांच के बाद लड़का व लड़की किशोर पाए गए

एवीएससी द्वारा टीम सीएसडब्लयू हरविंद्र, रूबल, हाकम , नीरज व हरदीप को लेकर बच्ची का घर व बच्ची के पहचान पत्र पता करने के लिए टीम सेक्टर 10 में रेकी के लिए निकल पड़ी। काफी देर तक लोगों से पूछताछ करने के बाद पता लगा कि वह लड़की घरों में काम करती है। इसकी जानकारी पत्र के माध्यम से बाल कल्याण समिति को ईमेल द्वारा भेजी गई व बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन द्वारा सेक्टर 9 थाना इंचार्ज को केस बारे बताया गया। तिवारी के साथ जाकर बच्ची की पहचान कर जानकारी इकटठा करके उसकी सही उम्र पता लगाने बारे बोला गया। मामले की भनक लगते ही परिजनों ने बच्ची को कहीं भेज दिया। सास ने बच्ची की कोई भी जानकारी देने से इंकार कर दिया। इसके उपरांत टीम द्वारा बच्ची की तलाश जारी रखी गई। काफी देर तक बातचीत करने के बाद पास में ही रह रहे जीजा द्वारा बताया गया बच्ची इस समय पड़ोस में रह रही है। जांच के बाद लड़का व लड़की किशोर पाए गए। अब इस मामले में परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी हो रही है।



# नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी मुकेश उर्फ गोल्डी वासी थाना सदर पिहोवा एरिया जिला कुरुक्षेत्र को 5 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 24 फरवरी 2023 को थाना सदर पेहवा एरिया वासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग पोती उम्र 9 वर्ष उनके पड़ोसी के घर में खेल रही थी। रात के करीब 8 बजे तक घर नहीं आई। काफी तलाश करने पर उनको उनको रजबाहे की पुलिया के नीचे से लड़की की रोने की आवाज सुनाई दी। मौका पर पहुंच कर देखा तो मुकेश उर्फ गोल्डी उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए पाया गया। उसके शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने उसकी पोती को बचाया। आरोपी मुकेश उर्फ गोल्डी मौके से भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच थाना सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिहं द्वारा की गई। नाबालिग के ब्यान अदालत में कलमबद्ध करवाये गये व बाल कल्याण समिति में काउंसलिंग करवाई गई। नाबालिग के ब्यान व काउंसलिंग के आधार पर मामले में पोक्सो एक्ट की धारा 10 जोडी गई तथा जांच महिला उप निरीक्षक पवनदीप कौर को सौंपी गई। तफ्तीश के दौरान मुकेश उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर दोषी मुकेश उर्फ गोल्डी को 5 साल कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

- आरोपी पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया

# पानीपत में धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इधर, समालखा की जौरासी रोड स्थित ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के कार्यालय में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी व ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें मुख्यअतिथि ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिप्रकाश शर्मा रहे जबकि अध्यक्षता ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान डा. त्रिलोक शर्मा ने की। ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकरिणी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 51 किलो लड्डू का प्रसाद लोगों में वितरीत किया। जिला प्रधान डा. त्रिलोक शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार हैं धर्म और सच्चाई के प्रतीक है। धर्म और लोगों की रक्षा के लिए भगवान परशुराम ने 21 बार आताताई व दुष्ट राजाओं से इस धरती को खाली किया तथा समाज के सभी वर्गों को उनका अधिकार दिलाया। भगवान परशुराम चिरंजीवी है अमर है हम सबको भगवान परशुराम के दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिप्रकाश शर्मा व युवा हलका प्रधान लोकेश शर्मा पट्टीकल्याण व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी ने भी अपने विचार रखें। मौके पर पंडित राजेंद्र शर्मा हल्दाना, सत्यनारायण शर्मा, अशोक शर्मा, रमेश शर्मा, विजय , रामपाल शर्मा, श्याम लाल शर्मा, रणबीर शर्मा, कृष्ण शर्मा अदि मौजूद रहे।

- भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर सब को चलना चाहिए



**पानीपत।** ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के सदस्य भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कैंटर चालक ने एक्टिवा सवार युवती को कुचला

**अंबाला।** तेज रफ्तार कैंटर ने एक्टिवा सवार युवती को कुचल दिया। युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा अंबाला-जगाधरी रोड पर टांगरी नदी के पास हुआ। मृतका की शिनाख्त मोनिका विहार की माधुरी (34) के रूप में हुई है। वह महेश नगर एरिया में जियो कंपनी में जॉब करती थी। शालीमार बाग के शिवानंद ने बताया किउसकी छोटी बहन माधुरी (34) अभी कुंवारी थी जोकि उसके माता-पिता के साथ मोनिका विहार में रहती थी। उसकी बहन जियो कंपनी में नौकरी करती थी। वह गुरुवार को अपने माता-पिता का हाल-चाल जानने के लिए गया हुआ था। दोपहर 12 बजे उसकी बहन से उसे कहा कि मुझे दवाई लेने के लिए जाना है। उसे भी अपने निजी काम के लिए रामपुर मोड़ की तरफ जाना था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बाइक तो उसकी बहन एक्टिवा पर घर से दवाई लेने के लिए निकली थी। जैसे ही उसकी बहन टांगरी नदी के पुल के पास पहुंची तो कैंट से तरफ से आए तेज रफ्तार कैंटर ने उसकी बहन की एक्टिवा को टक्कर मार दी।

- एक्टिवा सवार युवती दवा लेने जा रही थी

# पानीपत के सुमित ने कजाखिस्तान में बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**पानीपत।** कजाकिस्तान में हुई एएसबीसी एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पानीपत के 17 वर्षीय सुमित दहिया ने कांस्य पदक जीत का दुनिया में भारत, हरियाणा, अपना व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। वही, चैंपियनशिप में एशिया महाद्वीप के देशों के बॉक्सरों ने भाग लिया। इधर, सुमित दहिया ने बताया कि उनका पहला मैच कोरिया के साथ हुआ था और दूसरा कजाकिस्तान के साथ हुआ। सुमित दहिया के शानदार प्रदर्शन पर परिवार और शिवाजी स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग एकेडमी में खुशी का माहौल है। सुमित दहिया की मां रेखा देवी ने कहा कि उनके बेटे ने जो है मुकाम हासिल किया है यह सुमित की दिन रात की गई मेहनत का परिणाम है। इसके लिए वह उनके कोच साहब का भी धन्यवाद करती हैं और मुझे अपने बेटे पर गर्व है जो अपने प्रदेश का ही नहीं देश का नाम रोशन कर रहा है। वही, सुमित ने पिछले दिनों रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया ट्रायल में छह फाइट जीती थी। सुमित ने यूरोप में आयोजित यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में 67 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। सुमित ने कहा कि उनका सपना देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता है और वे इसी को ध्यान में रख कर बॉक्सिंग की प्रेक्टिस कर रहे है।



विजेता बॉक्सर सुमित दहिया।

- चैंपियनशिप में एशिया महाद्वीप के देशों के बॉक्सरों ने भाग लिया

# दुष्कर्म के केस से बचने के लिए युवती से की शादी

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के केस से बचने के लिए आरोपी युवक ने पीड़िता से शादी कर ली। जब पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया तो आरोपी युवक उसे छोड़कर फरार हो गया। शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में उत्तर प्रदेश के जिला फैजाबाद के गांव अमरोली निवासी भीम किराए के मकान में रहता था। आरोपी प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। जब वह 16 साल की थी तो आरोपी ने उसे अपने कमरे में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद आरोपी ने दुष्कर्म के केस से बचने के लिए उससे शादी कर ली। शादी के बाद आरोपी उसे ताने मारने लगा। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। जब उसने बच्ची को जन्म दिया तो आरोपी ने उसे अपनाने से मना कर दिया और चुपके से घर का सामान लेकर फरार हो गया।

- पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया

## अक्षय तृतीया

### ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया

# अक्षय तृतीया पर बाजार में लौटी रौनक सोने-चांदी की जमकर हुई खरीदारी

कई दुकानदारों ने मेकिंग चार्ज में छूट भी रखी हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया पर शहर के बाजारों में खूब खरीदारी हुई। सबसे ज्यादा खरीदारी सोने की हुई। हालांकि इस दिन कुछ लोग मांगलिक कार्य, दान-पुण्य और भूमि, भवन, वाहन खरीदने से भी नहीं चूके। लोगों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी-अपनी दुकानों को फूलों व गुब्बारों से सजाया था। इसके अलावा कई लुभावने आफरों की स्कीम भी ग्राहकों को दुकानों की ओर आकर्षित करती नजर आई। अक्षय तृतीया का दिन किसी भी आभूषण विक्रेता के लिए खास होता है। इस दिन लोग सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इस खास दिन के लिए दुकानदारों ने पहले ही दुकानों में सामान को सजा लिया था। इस बार भी सोने के आभूषण व चांदी के बर्तन व सिक्कों की मांग अधिक देखने को मिली। अक्षय तृतीया के अवसर पर कई जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन कोई भी काम किया जाए वह शुभ होता है। इन दिन लोगों ने अपने घरों में पूजा अर्चना के बाद सोने-चांदी के आभूषण, जेवरात और सिक्कों की जमकर खरीददारी की, पर्व को ध्यान में रखते हुए ब्रांडेड शोरूम से लेकर गली मोहल्लों की दुकानों में आभूषणों की एक से बढ़कर एक रेंज और डिजाइन देखने को मिले। वहीं कई दुकानदारों ने अक्षय तृतीया के लिए मेकिंग चार्जज में छूट भी रखी हुई थी। आभूषण खरीददारी में महिलाओं की रूचि ज्यादा देखने को मिली। वहीं, गृहणियों के मुताबिक इस पावन मौके पर खरीददारी करने और दान करने का विशेष महत्व है। हांलाकि, इस मौके पर शहर के तमाम देवी मंदिरों में भी पूजा अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया। अक्षय तृतीया पर बाजार में काफी चहल पहल देखी गई। आभूषण की दुकानों को खास तरीके से सजाया गया था साथ ही इनामी स्कीमों और छूटों की योजना के जरिए सराफा कारोबारी ग्राहकों को आकर्षित करने में लगे।



**कुरुक्षेत्र।** आभूषणों की खरीदारी करते ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

### कई जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे

अक्षय तृतीया के अवसर पर कई जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे। शास्त्रों में अक्षय तृतीया एक अबूझ मुहूर्त है यानी ऐसी तिथि जिसमें किसी तरह का शुभ कार्य या शुभ खरीदारी करने के लिए मुहूर्त नहीं देखा जाता है। बिना शुभ मुहूर्त के सभी तरह के शुभ कार्य की शुरूआत की जा सकती है। हिदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष वैशाख महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाता है। इस बार यह पर्व शुक्रवार को मनाया गया। अक्षय का मतलब होता है जिसका कभी भी क्षय या नाश न होना। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन शुभ खरीदारी या शुभ कार्य करने पर हमेशा इसमें वृद्धि होती है।

# बदमाशों ने पिता पुत्र को बंधक बनाकर पिस्टल के बल पर लूटी 15 बकरियां

## पुलिस ने पांच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव अमादलपुर के पास बदमाशों ने बीती रात पिता पुत्र को बंधक बनाकर पिस्टल केबल पर उनसे 15 बकरियां व मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव अमादलपुर निवासी मोहनलाल ने बुड़िया पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भेड़ बकरियां पालन का कार्य है। रोज की तरह वीरवार रात को उन्होंने भेड़ बकरियों को चराने के बाद गांव में पुरातत्व जमीन पर बने बाड़े में उन्हें छोड़ दिया था। इसके बाद वह अपने पिता सतपाल के साथ भेड़.बकरियों की रखवाली करने के लिए बाड़े में ही आराम कर रहे गए थे। रात करीब एक बजे एक युवक उनके पास आया और कहने लगा कि उसे प्यास लगी है। पीने के लिए पानी दे दो। इस बीच अमादलपुर की तरफ से एक काले रंग की पिकअप गाड़ी आई। जिसमें से तीन-चार युवक उतरकर उनके पास आ गए। उनके हाथों में चाकू, पिस्टल व अन्य हथियार थे। बदमाशों ने उन्हें हथियारों के बल पर आतंकित किया और उन्हें चारपाई पर गिरा दिया। दो बदमाशों ने उसके व उसके पिता के कानों पर पिस्टलनुमा हथियार सटा दिया। बदमाशों ने उन्हें धमकी दी कि यदि शोर मचाया तो गोली से उड़ा देंगे। जब उसने बदमाशों से छुटकर भागने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उससे मारपीट की और हवाई फायर किया। दो बदमाशों ने हथियार के बल पर उन्हें चारपाई पर बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने बाड़े से 15 बकरियां अपनी गाड़ी में लोड करने लगे। बंधक बनाकर रखने वाले बदमाश ने उससे मोबाइल छीन लिया। बकरियां लोड करने के बाद बदमाश गाड़ी लेकर बुड़िया की तरफ फरार हो गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाया जिसके बाद कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिनकी मदद से उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। बुड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात चार-पांच बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- हथियारों से लैस बदमाश पिकअप वैन में सवार होकर आए थे

## खबर संक्षेप

### बंदूक का डर दिखाकर जेठ ने किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर बंदूक का डर दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी ने अपनी पत्नी व दो अन्य के खिलाफ मिलकर गला घोटकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 120बी, 376, 323, 506 व 341 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हेरोइन के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

**यमुनानगर।** सीआईए-वन व बिलासपुर थाना पुलिस ने युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए वन में तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह रात बूडिया रोड पर गश्त कर रहे थे। एचपी पेट्रोल पंप के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घुमता मिला। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 142 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान हरविंद्र सिंह उर्फ हर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 960 अवैध कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

बिलासपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के फतेहपुर निवासी जैकी राणा अवैध नशीले कैप्सूल की सप्लाई करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नाका लगाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 960 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी की पहचान जैकी राणा के रूप में हुई।

## जाट छात्र संघ ने मनाया महाराजा सूरजमल का दिल्ली विजय दिवस

# मुगलों से दिल्ली जीतने वाले एकमात्र हिंदू राजा थे महाराजा सूरजमल : बाल्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जाट छात्र संघ की ओर से शुक्रवार को हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल का 261 वां दिल्ली विजय दिवस मनाया गया। छात्र संघ की ओर से महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। छात्र संघ के प्रधान साहिल बाल्यान ने बताया कि महाराजा सूरजमल ने आज ही के दिन 10 मई 1753 को मुगलों को हराकर कर दिल्ली के लाल किले पर अपना ध्वज लहराया था। आज का दिन उन वीर जाट योद्धाओं की शौर्य गाथा और बलिदान की गवाही देता है। जिन्होंने अपने सीने पर दुश्मनों के तीर तलवार का सामना कर मुगलों की राजधानी पर फतेह हासिल की थी। उन्होंने कहा कि भरतपुर के महाराजा सूरजमल को स्वतंत्र हिन्दू राज्य बनाने के लिए भी जाना जाता है। सूरजमल ने मुगलों में इतना खौफ भर दिया था कि उसके नाम से ही नींद उड़ जाया करती थी। मुगलों से दिल्ली जीतने वाले एक मात्र हिंदू राजा थे। उनके खौफ के कारण ही मुगल बादशाहों ने अपने राज्य में हिंदुओं की आस्था का केंद्र बने पीपल के पेड़ को काटने और गाय काटने पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने बताया कि सूरजमल का जन्म तब हुआ थाए जब हिन्दुस्तान मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचारों से पीड़ित था। तब सनातन धर्म के मानने वाले लोगों की नित हत्या हो रही थी, जबरन हिंदुओं की लड़कियों को उठा लिया जाता था। तब भरतपुर की धरती पर देवकी की कोख से 13 फरवरी 1707 को महाराजा सूरजमल का जन्म हुआ था। उनका बचपन में नाम सुजान सिंह था, जो बाद में अपने तेज और रोबीले व्यक्तित्व के कारण महाराजा सूरजमल नाम से प्रसिद्ध हुए।



**यमुनानगर।** के रादौर में महाराजा सुरजमल के चित्र पर नमन करते जाट संघ के प्रधान साहिल बाल्यान। फोटो : हरिभूमि

- 10 मई 1753 को मुगलों को हराकर कर दिल्ली के लाल किले पर अपना ध्वज लहराया था

# सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में निर्वाचन आयोग हुआ हाइटेक

## दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप

- भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं, प्रत्याशियों व पोलिंग अधिकारियों की सुविधा के लिए लांच किए उपयोगी एप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में भारत निर्वाचन आयोग भी हाईटेक हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देश में होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के मोबाइल एप लांच किए हुए हैं। इन एप के माध्यम से कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप बनाया गया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप की जानकारी उपलब्ध है।

# मां के प्रति मार्मिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

- गीतों व कविता के माध्यम से बताई मां की महिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी मां के प्रति विचारों को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। जिसकी सभी ने खूब प्रशंसा की। प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में छठी से 12वीं कक्षा तक के बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने बहुत ही मार्मिक ढंग से मां के प्रति अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी को झकझोर कर रख दिया। तरनप्रीत सिंह व अमनदीप सिंह ने अपने गीत के माध्यम से मां की महिमा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि दुनिया में एक मां ही है जो किसी भी स्थिति में अपने बच्चों का भला ही चाहती है। उसके जैसा कोई अन्य दुनिया में नहीं हो सकता। इसके अलावा सिमरन, सारिका, अनिष्ठा, एंजल ने कविता के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां का दर्जा दुनिया में सबसे ऊंचा है। इसलिए हम सभी को अपनी मां के सम्मान में हर समय खड़े रहना चाहिए। मौके पर सुनीता शर्मा, रेणू शर्मा, अल्का, श्यामा कुमारी, चक्षु चड्ढा, मधु शर्मा आदि मौजूद थे।





**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# एक क्लिक पर मिलेगी विश्वसनीय और प्रमाणित चुनाव संबंधी जानकारियां : उपायुक्त

- भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन प्लेटफार्म मिथ वर्सिस रियलिटी रजिस्टर किया लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रचार-प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की गरिमा व अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मिथ और रियलिटी पर आधारित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मिथ वर्सिस रियलिटी रजिस्टर लॉन्च किया है। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है जो भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह पहल चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए ईसीआई के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विश्व स्तर पर कई लोकतांत्रिक देशों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार के बढ़ती चिंता को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक, प्रमाणित और सत्यापित जानकारी मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मिथ वर्सिस रियलिटी रजिस्टर चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिजाइन किया गया है जो व्यापक रूप से ईवीएम/वीवीपीएटीए मतदाता सूची/मतदाता सेवाओं, चुनावों के संचालन और अन्य विषयों से संबंधित मिथक जानकारियों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है। यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संभावित मिथक जानकारियों, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए विभिन्न अनुभागों के तहत संदर्भ सामग्री प्रदान करता है। रजिस्टर को नियमित आधार पर अपडेट किया जाएगा।



यमुनानगर के जिला सचिवालय में चुनाव संबंधी ऐप के बारे में जानकारी देते उपायुक्त।

## युवक ने नाबालिग लड़की के साथ किया दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपने पति से तलाक हो गया था। जिसके बाद से उसकी 16 वर्षीय लड़की अपने पिता के साथ रहती थी। वहां पर जिला अंबाला के उगाला निवासी दीपक उसकी लड़की का पीछा कर उसे परेशान करता था। इसके बाद उसकी लड़की रजामंदी से उसके पास आकर रहने लगी। एक दिन आरोपी दीपक उसकी लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। उसकी लड़की के शोर मचाने पर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। उसकी लड़की ने घर आकर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार, 12 व 18 पोक्सो एक्ट, 323 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कर्मचारी विरोधी नीतियों के चलते कर्मियों में रोष : धीमान

- ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने किया बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ओर से जलघर नंबर-4 पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान एवं प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने कहा कि हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के चलते पूरे प्रदेश का कर्मचारी रोष में है। कर्मचारियों की आईटीसी ब्लॉक 2020-2023 एलटीसी का भुगतान जल्द किया जाए व गेहूँ के फसल अंतिम चरण के चलते भी सरकार द्वारा अब तक कर्मचारियों के लिए गेहूं ऋण के लिए कोई भी परिपत्र जारी नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि 7 नवंबर 2022 को जन स्वास्थ्य मंत्री की मंत्री के साथ सचिवालय चंडीगढ़ में संगठन की हुई बैठक में जिन मांगों पर सहमति बनी उनको अति शीघ्र लागू किया जाए। अन्यथा आने वाले समय में संगठन आंदोलन करने के लिए विवश होगा।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक के दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित करते यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

मौके पर अनिल कुमार, सुरजीत सिंह, मोहनलाल, मदनलाल, वीरेंद्र कांबोज, राजेंद्र सैनी, बलदेव सिंह, वीरेंद्र छछरौली, पवन कुमार, पवन कांबोज आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** ब्राह्मण धर्मशाला रादौर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते समाज के लोग।

# हवन-यज्ञ के माध्यम से की सभी के लिए मंगल कामना

- रादौर की ब्राह्मण धर्मशाला में मनाया गया अक्षय तृतीया का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर की ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज की ओर से अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि बार कांउसिल जगाधरी के पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय शांडिल्य व उनकी धर्मपत्नी अंजू शांडिल्य ने हवन में आहुति डालकर किया।

सभा के प्रधान जितेंद्र शर्मा चन्नी व युवा ब्राह्मण सभा के प्रधान सुमित पंडित के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सभी के स्वास्थ्य जीवन व मंगल कामना के उदेश्य से हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान जितेंदर शर्मा व युवा ब्राह्मण सभा के प्रधान सुमित पंडित ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। इस वजह से उनको अमरता प्रदान हुई।

हम सभी को भी अक्षय तृतीया के दिन शुभ कार्य और दान ज़रूर करना चाहिए, जिससे व्यक्ति का कभी क्षय नहीं होता। वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रशाद ग्रहण किया। मौके पर अनिल शर्मा, बिंदु शर्मा, नीरज शर्मा, गौरव, प्रकाश, ज्ञान प्रकाश, आयुष व चेतन शर्मा आदि मौजूद थे।

# अनाज मंडियों में 289640 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

- सुचारू रूप से चल रहा है खरीद कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद चल रही है तथा सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारु रूप से 2275 रुपये प्रति क्विंटल की जा रही है। चालू रबी सीजन के दौरान 9 मई तक जिला की विभिन्न अनाज मण्डियों में कुल 289640 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 103590 मीट्रिक टनए हैफेड द्वारा 157851 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपारेरेशन द्वारा 28199 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चालू रबी सीजन में 9 मई 2024 तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 28410 मीट्रिक टन गेहूं, छछरौली मंडी में 36025 मीट्रिक टन गेहूं, गुमथला राव मंडी में 7493 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी मंडी में 41829 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना मंडी में 5480 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन मंडी में 5168 मीट्रिक टन गेहूं, प्रताप नगर मंडी में 46288 मीट्रिक टन गेहूं, सरस्वती नगर में 38215 मीट्रिक टन गेहूं, रादौर में 43587 मीट्रिक टन गेहूं, रणजीतपुर में 11864 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर मंडी में 8382 मीट्रिक टन गेहूं, साढ़ौरा मंडी में 16500 मीट्रिक टन गेहूं व यमुनानगर मंडी में 275 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई जिसकी खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मण्डियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें।

## चोरों ने सूने घर से चुराई नकदी व लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** शहर की हनुमान कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान कॉलोनी निवासी सलिंद्र प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नौ मई को सुबह साढ़े आठ बजे घर का ताला लगाकर अपने काम पर गया था। दोपहर डेढ़ बजे जब वह घर वापस लौटा तो ताला टूटा मिला। घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 15 हजार रुपये, दो सोने की चेन, दो जोड़ी झुमके, टोपस, अंगूठी, मंगलसूत्र, नथली, छह चांदी के चेन, चांदी का कडा, दो जोड़ी पाजेब व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से एलईडी चोरी**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ मई को कार्यालय से छुट्टी के बाद घर चले गए थे। सुबह जब कार्यालय पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर से एलईडी गायब थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बच्चों को दी शारीरिक शिक्षा की विस्तृत जानकारी

- वागमिता कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल स्कूल रादौर में वीरवार को एलोक्यूशन (वागमिता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर बच्चों को शारीरिक शिक्षा से संबंधित प्रैक्टिकल विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा छठी की हरमन, चेतना, रिया, कृतिका व कक्षा 8वीं से ख़ुशी व शिवम ने भाषण के माध्यम से पर्यावरण, अनुशासन व समय की महत्व को बताया। इसी तरह चेतना व वरुण ने कविता के माध्यम से मां की महिमा का वर्णन किया। गतिविधि इंचार्ज योगिता ने बच्चों को प्रभावशाली भाषण के तौर तरीके व भगवान परशुराम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। शारीरिक शिक्षा के अध्यापक सचिन ने बच्चों को शारीरिक शिक्षा संबंधी दिशानिर्देश देकर उनका मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## श्रीलाल द्वारा मंदिर में आरम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा

# यमुना को दूषित करना मतलब यमराज को दावत देना: चैतन्य

- कलश यात्रा में महिला श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुई
- वनों के काटने के कारण धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरि यमुना सहयोग समिति के तत्वाधान में श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान परम श्रद्धेय श्री प्रकाश चैतन्य जी महाराज सप्ताह भर अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का अमृत पान करवाएंगे।

इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलश यात्रा भी निकाली गई जिसमें महिला श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुई। कथा के दौरान परम श्रद्धेय श्री प्रकाश चैतन्य जी महाराज ने कहा कि 108 श्रीमद् भागवत कथाएं करने का संकल्प लिया गया है जिसके तहत आज दसवीं कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कथाओं का मुख्य उद्देश्य यमुना बचाओ, यमुना की सुरक्षा व पर्यावरण को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि अगर भगवान श्री कृष्ण के सभी श्रद्धालु यह प्रण ले लें कि वह न तो यमुना जी को गंदा करेंगे और न ही गन्दा करना देंगे तो निश्चित तौर पर यमुना जी को दूषित होने से काफी हद तक बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यमुना जी को दूषित करना मतलब यमराज जी को घर की दावत देना है। उन्होंने कहा कि वनों के काटने के कारण धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है इसके लिए जरूरी है कि हम सब ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। सरकार को भी चाहिए कि वनों के कटाव पर पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि हम सबको फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस सुविधा व ऋण माफ जैसे लाभ लेने से बचना चाहिए क्योंकि यह राशि कहीं न कहीं हमारे से ही टैक्सों के रूप में निकलती है। लोगों को इन लाभों को नजर अंदाज कर सरकार से आग्रह करना चाहिए कि इन सब पर खर्च होने वाली राशि से पौधे लगवाएं ताकि हमारा जीवन बच सके। कथा का अमृत पान करवाते हुए उन्होंने कहा कि जहां पर भी कथा होती है वहां भगवान हनुमान जी जरूर विराजमान होते हैं। उन्होंने बताया कि यमुना जी के दोनों तरफ जहां-जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा है वहां-वहां पंचमुखी हनुमान जी की मूर्तियों की स्थापना करवाई जा रही है। 108 मूर्तियों की स्थापना करवाने का संकल्प 25 महीने का है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान करने से न केवल हमें मनवांच्छित फल की प्राप्ति होती है बल्कि हमें भवसागर से पार उतारने में भी मदद मिलती है। इसलिए हमें सच्चे मन से मन लगाकर कथा को श्रवण करना चाहिए।



**यमुनानगर।** श्रीलाल द्वारा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रवचन करते कथावाचक।

## नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया मदर्स-डे

# बच्चों ने माताओं को तिलक लगाकर लिया आशीर्वाद

### अध्यापिका ममता ने बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी और इस दिन का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवयुग सीनियर सकेंडरी स्कूल में मदर्स डे बड़े ही अनूठे ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस विशेष सभा में नन्हे मुन्नों ने मां के प्रति अपना प्यार दिखाते हुए कई कविताएं सुनाईं। अध्यापिका ममता सिंगला ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं बच्चों को दी और बड़े ही प्यार से बच्चों को इस दिन का महत्व समझाया। उन्होंने बताया की बच्चों की सबसे पहली गुरु उनकी मां ही होती है , इसलिए हर बच्चे को अपनी मां का आदर करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नर्सरी और एलकेजी के विद्यार्थियों ने अपनी माता के लिए धन्यवाद कार्ड बनाया। यूकेजी के विद्यार्थियों ने अपनी माता के लिए सुपर मॉम का बैज बनाया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों ने अपनी माता के लिए सुंदर पर्स बनाया और उसे सजाया। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने अपनी माता के लिए सुंदर फूलों की आकृति से मॉम लिखकर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। कक्षा षष्ठम से अष्टम के विद्यार्थियों ने पुष्प गुच्छ बनाकर अपनी माता के प्रति अपने प्यार को दशार्या। द्वितीय दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत प्री नर्सरी तथा नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों की माताओं को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में आने वाली माताओं को विद्यालय के बच्चों ने तिलक करके मदर्स डे की बधाई मनाया जाने वाला एक अवसर है। यह दिन हम हमारी जिंदगी में एक मां की भूमिका के महत्त्व को दशार्ने के लिए मनाते हैं। यह अवसर सभी को अपने आसपास की माताओं के लिए कुछ खास करने का मौका देता है। लेकिन इस बात का बेहद ध्यान रखना चाहिए कि अपनी मां का शुक्रिया अदा करने के लिए केवल एक दिन काफी नहीं है,सभी दिनों को खास बनाएं और उन्हें खास होने का एहसास दिलाएं।

## खेडी रामनगर व सिंहपुरा में लगाए एक हजार झंडे

**कुरुक्षेत्र।** हल्का थानेसर और कुरुक्षेत्र के गांव गांव में डोर टू डोर कई दिनों से लगातार जारी है। इसी बीच महिला जिला अध्यक्षा तनुजा कुरुक्षेत्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खेड़ी रामनगर और सिंहपुरा में एक हजार झंडे इंडियन नेशनल लोकदल के लगाए गए और कहा इंडियन नेशनल लोकदल अबकी बार सत्ता में आने जा रही है। लोगों का भरपूर समर्थन गांव-गांव और शहर में भी मिल रहा है। लगातार इंडियन नेशनल लोकदल का कुणबा बढ़ता जा रहा है। तनुजा ने कहा इंडियन नेशनल लोकदल में ऐसे समर्थक और कार्यकर्ता है जो दिन रात इनेलो पार्टी के प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं। सभी कार्यकताअरं की मेहनत जरूर रंग लाएगी।



कुरुक्षेत्र। दिगंबर जैन मंदिर में गन्ने का जूस वितरित करते पदाधिकारीगण।

## अक्षय तृतीया पर गन्ने का जूस किया वितरित

**कुरुक्षेत्र।** श्री1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कुरुक्षेत्र में अक्षय तृतीया दान दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्रीआदिनाथ भगवानजी को राजा श्रेयांस ने गन्ने का रस आहार में दिया। जैन धर्म अनुसार ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्री1008 भगवान आदिनाथ को 6 मास उपवास के बाद आहार प्राप्त हुआ था। मंदिर के बाहर गन्ने का रस वितरित किया गया। सभी धर्म प्रेमियों ने इस अवसर को बड़े उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया। जैन धर्म के मूल सिद्धांतों जियो और जीने दो, शाकाहार अपनाएं,अहिंसा परमो धर्म, अपरिग्रह, सदा सत्य बोलो, आदि को पट्टियों द्वारा दर्शाया गया। इस अवसर पर मुख्यता डॉक्टर धर्मचंद, अरुण कुमार, सुशील कुमार, सुबोध कुमार, नीति गर्ग, मीतू जैन, विनीता जैन गोयल, मनीषा जैन, सीमा जैन मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस

**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरड़ी में श्रीमद भगवती महामाया आदिशक्ति स्वयंभू महाकाली मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव एवं स्वामी संदीप ओंकार एवं स्वामी संतोष ओंकार कुरड़ी वालों के सानिध्य में वार्षिक मन्दिर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों और विद्युत चलित लड़ियों से सजाया गया। मंदिर के अंदर स्थापित मां आदिशक्ति शंभू महाकाली के सवा 7 फुट ऊंचे स्वरूप को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर पूजा अर्चना कर मां के नाम से महायज्ञ कर पूर्ण आहुति डाली गई।

## धर्म शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाह का किया वर्णन



**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-8 में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने छठे दिन कहा कि हमारे धर्म शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है। विदर्भ राज नरेश की पुत्री महारानी रुक्मिणी का विवाह भाई रुक्मी ने मगध नरेश शिशुपाल के साथ में निश्चित किया था। भाई रुक्मी को यह पता नहीं था कि मेरी बहन रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी की अवतार है। रुक्मिणी को वह सामान्य कन्या समझता था, इसलिए सामान्य जीव के साथ में विवाह करना निश्चित किया किंतु रुकमणी अपने भाई के मानसिक विचारों से पूर्णतया परिचित थी। इसलिए रुक्मिणी ने अपने विवाह हेतु द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण को अपने कुल पुरोहित व ब्राह्मण द्वारा एक पत्र भेजा उस पत्र में भगवान श्री कृष्ण की बहुत सारी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बतलाया था, कि मैं साक्षात लक्ष्मी की अवतार हूं आप जानते हैं।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते दिल्ली भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा।

## नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र के युवाओं को नई दिशा देंगे

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने आज कुरुक्षेत्र वासियों को सावधान किया कि लोकसभा चुनाव की आड़ में नक्सलियों, माओवादियों और टुकड़े-टुकड़े गैंग को धर्मनगरी में घुसाने की कोशिश हो रही है। केजरीवाल को जेल कांग्रेस नेता अजय माकन ने भिजवाया, लेकिन सत्ता के लालच में दोनों ने ये गठबंधन किया है। सुशील गुप्ता किसी के मित्र नहीं हैं बल्कि सूटकेस लेकर राजनीति में अवतरित हुए हैं। शाहाबाद के एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कपिल मिश्रा ने कहा कि वे कुरुक्षेत्र वासियों को आगाह करने आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सपना था कि नवीन जिन्दल जैसा नेता हमारे साथ हो और आज वो साकार हो गया है। कुरुक्षेत्र वासियों का यह सौभाग्य है कि उनके पास नवीन जिन्दल जैसा एक नेता है, जिनके विचार प्रधानमंत्री के विचारों से मेल खाते हैं। ऐसे नेता संसद में जाएंगे तो निश्चित रूप से कुरुक्षेत्र की तस्वीर कुछ अलग बन जाएगी। हरियाणा के पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने इस अवसर पर कहा कि नए कुरुक्षेत्र के निर्माण के लिए नवीन जिन्दल को जिताना आवश्यक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सनेड़ी, लोकसभा मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, बीबी करतार कौर, भारती धीमान, करन राज तूर ने भी संवाददाताओं से अपने विचार साझा किये।

# केजरीवाल की जमानत पर जश्न

- सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, न्याय की जीत को पुन: साबित किया है: विशाल खुब्बड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। खुशी मनाते आप कार्यकर्ता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने की खुशी में आम आदमी कार्यकर्ताओं ने कुरुक्षेत्र के 13 सेक्टर स्थित कार्यालय में जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड, विकास तोमर, ओम सिंह, कृष्ण हथीरा, विपिन गर्ग, सुरेन्द्र शर्मा, कुलदीप मिजार्पुर, सुरेंद्र मित्तल, प्रमोद मित्तल, जवाहरलाल गोयल, जसवंत सिंह रंधावा, एडवोकेट मनोज कुमार, सतीश गर्ग आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़ ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। न्याय की जीत को पुनः साबित किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने के फैसले का हम स्वागत करते हैं।

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्रह्मण समाज द्वारा शहर में विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने शिरकत की। शोभा यात्रा परशुराम चौक से शुरू होकर सन्निहित सरोवर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास में पहुंच संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह जलपान, दूध, खीर खिलाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास के संरक्षक पवन शर्मा, प्रधान श्याम लाल, नरेंद्र शर्मा निंदी, पवन शर्मा, विश्वकांत शर्मा, योगेश शर्मा, देवीदयाल घराड़सी सहित कई लोग शामिल रहे।

### सरस्वती के प्रति बढ़ रही लोगों में श्रद्धा

# किसान ने सरस्वती मंदिर के लिए दी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मंदिर निर्माण की नींव रखते धुमन सिंह किरमच व अन्य।

सरस्वती के किनारे बरगट गांव में अवतार सिंह ने सरस्वती देवी मंदिर के लिए जगह दी है। इस मंदिर में सरस्वती के साथ खाटू श्यामजी का भी भव्य मंदिर बनेगा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने अशोक सिंगला व ग्रामीणों के साथ मिलकर इस भव्य मंदिर की नींव रखी और कहा जब से सरस्वती नदी के ऊपर मौजूदा सरकार ने काम करना शुरू किया तब से लेकर आज तक सरस्वती के प्रति आम लोगों की धारणा बदली है। जिस तरह से पिछले 2 साल में इस क्षेत्र के लिए सरस्वती वरदान साबित हुई उसको देख कर लोग सरस्वती के प्रति श्रद्धाभाव रखने लगे हैं। यह उन्होने बहुत पुण्य कार्य किया है। मंदिर का शुभारंभ आज ग्रामीण व सरपंच रामकरण ने नींव रख कर शुभारंभ किया है। इन मंदिरों से लोगों की आस्था व श्रद्धा और सरस्वती के प्रति बढ़ेगी। धूमन सिंह ने बताया कि वैदिक काल से ही सरस्वती कुरुक्षेत्र से बहती रही है महाभारत काल में भी सरस्वती के बहने का वर्णन कई ग्रंथों में आता है महाभारत वनपर्व महाग्रंथ में सरस्वती का भी वर्णन दशार्या गया है। इस अवसर पर गाँव के सरपंच रामकरण, अशोक सिंगला, टाटका के सरपंच दुनी चंद, मनीष कुमार मौजूद रहे।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006) FIR dated 10.06.2013 | The matter is listed for further prosecution evidence on 13-17th May 2024 | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 &13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons. |
| 2. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CR Case No. 1/2019 (Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014 | The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case. | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18. |
| 3. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004 FIR dated 22.04.2015 | Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court. | In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation. |
| 4. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015 | Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block. |
| 5. | CBI | RC No. 221 2014 E 0018 FIR dated 18.10.2014 | Pending investigation since 2014 | The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd. |
| 6. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014 | Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement. |
| 7. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1601/2022 Complaint dated 17.1.2022 | As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order. | Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00 |
| 8. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1514/2021 Complaint dated 26.8.2021 | The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings | Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00 |
| 9. | Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi | Ct. Case No. 14584/2018 Complaint dated 24.7.2018 | The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders. | A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL | NIL |
| 3 | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## खबर संक्षेप

### 24 बोतल शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी विजय कुमार को 24 बोतल शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब भी जब्त की है।

### नकली दवाई के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज नकली दवाइयां बनाने की फैक्टरी खोलने के मामले में आरोपी जनक घनश्याम लाल पारेश को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलप्ति पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ड्रग कंट्रोलर हेमंत ग्रोवर ने 15 अक्तूबर 2023 को शिकायत दी थी कि आरोपी लवप्रीत सिंह व अन्य ने सैक्टर-सी डिफेंस कॉलोनी में नकली दवाइयां बनाने की फैक्टरी खोलने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अवैध असलहा सहित युवक काबू

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने बस अड्डा जुलाना के निकट एक युवक को अवैध असलहा व जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव करसोला निवासी सुमित उर्फ सोनू के रूप में हुई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि टीम नया बस अड्डा जुलाना के पास मौजूद थी कि तभी सूचना मिली कि करसोला रोड के पास एक आदमी अवैध पिस्तौल लिए हुए खड़ा है। मौके पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया। जिसके पास एक पिस्तौल देशी 32 बोर बरामद हुआ।

### ट्रक चालक ने बाइक युवक को कुचला

**कैथल।** कैथल में शुक्रवार को चीका कैथल रोड पर एक युवक को ट्रक में कुचल दिया। डेरा ज्वाला सिंह रामथली के साहब सिंह ने बताया कि शुक्रवार को करनाल जा रहे थे। दूसरी बाइक पर उनके साथ उनका भाई राजविंदर भी था। जब वह चीका से कैथल रोड पर नहर के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक ट्रक के चालक ने राजविंदर की बाइक को टक्कर मार दी। वह राजविंदर को लेकर करनाल के सरकारी अस्पताल में आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्त घोषित कर दिया।

### जेब से 75 हजार निकालने का आरोपित काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने दस दिन पहले दिन पहले जागरण में जेब से 75 हजार निकालने की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से रिमांड पर लिया है। ललित ने गत 28 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके वहां जागरण था। जब वह ज्योत जगा रहा था तो उसी दौरान किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर उसकी जेब से 75 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने ललित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था।

बाहरी लोगों पर नजर रखने के लिए आठ अंतरराज्यीय नाके स्थापित

# लोस चुनाव: कैश व नशीले पदार्थ पकड़े जाने पर होगी वीडियोग्राफी

डयूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी कार्रवाई, अंबाला संसदीय सीट के लिए नियुक्त निर्वाचन व पुलिस अधिकारियों की हुई अहम मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन। फोटो :हरिभूमि

लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शातिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। अंबाला संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन, सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डॉ. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा, एडीसी अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता समेत कई पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा स्तर पर एआरओ, एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी आदि टीमों का गठन कर दिया गया है जोकि निरंतर अपना कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही 10 पोलिंग बूथों पर एक सेक्टर ऑफिसर की भी ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कोई भी बूथ वनरेबल नहीं हैं। पोलिंग बूथों की मैपिंग का कार्य करने के साथ ही रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। अबनोरमल बूथ पर लॉ एंड ऑर्डर मेनटेन रहे इसके लिए सेक्टर ऑफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर पेट्रोलिंग का कार्य करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए सेक्टर ऑफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देकर यह बता दिया गया है कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक चुनाव के दौरान नहीं होनी चाहिए।

### 8 इंटरस्टेट नाकों पर चल रही चेकिंग

उन्होंने बताया कि जिला में 8 इंटरस्टेट नाके लगाए गए हैं। पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान तैनात किए गए हैं। ये आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखने के साथ ही वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों तथा कैश सीजर करने को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही कैश सीज करें। जितना भी कैश पकड़ा जाए उसकी वीडियोग्राफी भी की जाए। पुलिस आब्जर्वर डॉ. रवि, ने भी संसदीय क्षेत्र में चुनाव के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एरिया डॉमिनेशन करके रूट चार्ट अनुसार टीमें अपना कार्य करें। सरपंचों, ग्राम वासियों से पुलिस अधिकारी तथा चुनाव ड्यूटी में लगी सभी टीमें तालमेल बनाकर रखें। उनसे प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने यह भी कहा कि एआरओ एवं एसडीएम सहित अन्य अधिकारी नाकों का औचक निरीक्षण करें। नाकों की चेकिंग के दौरान वहां तैनात टीम के पास मौजूद रजिस्टर में दर्ज जिन वाहनों एवं लोगों की जांच का कार्य टीमों द्वारा किया गया है। सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह ने भी कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों, राजनैतिक लोगों द्वारा मतदाताओं को किसी प्रकार से डराया-धमकाया या प्रलोभन न दिया जाए। इस ओर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। जो क्षेत्र ड्रग इफेक्टिड एरिया है तथा स्लम एरिया में सेक्टर ऑफिसर, पुलिस अधिकारी विजिट करें। इस अवसर पर एसडीएम नारायणगढ़ यश जालूका, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी सतिंद्र सिवाच, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, एसडीएम कालका लक्षित सरीन, एसडीएम पंचकूला गौरव चौहान, नगराधीश विश्वजीत, एएसपी सृष्टि गुप्ता, सचिव आरटीए सुशील कुमार, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, डीआरओ योगेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार भी मौजूद रहे।

### पहली रेंडमाइजेशन हुई संपन्न

रिटर्निंग अधिकारी डॉ. शालीन की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों की दूसरी तथा माइक्रो आब्जर्वर की पहली रेंडमाइजेशन की गई। उपायुक्त कार्यालय में इस करे आयोजित बैठक में जनरल आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डा. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, एडीसी अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर की रेंडमाइजेशन की गई। बता दें कि इस रेंडमाइजेशन में एआरओ वाइज पोलिंग पार्टियों की फॉरमेशन कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. शालीन ने बताया कि जिले 927 बूथों के लिए 927 पोलिंग पार्टियों की तथा रिजर्व स्टाफ की दूसरी रेंडमाइजेशन की गई है। 90 माइक्रो आब्जर्वर की पहली रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया है। इसी प्रकार यमुनानगर के 963 पोलिंग पार्टियों तथा 73 माइक्रो आब्जर्वर की रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया है। पंचकूला की 424 पोलिंग पार्टियों तथा 49 माइक्रो आब्जर्वर की रेंडमाइजेशन की गई है।

# अब बैलट पेपर छापने का काम शुरू : उपायुक्त

- अंबाला लोकसभा चुनाव को लेकर नर्विाचन अधिकारी ने उम्मीदवारों व इलेक्शन एजेंटों को दी जरुरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व इलेक्शन एजेंट की बैठक उपायुक्त कार्यालय में हुई। इसमें रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन, सामान्य आब्जर्वर सुखवीर सिंह, खर्चा आब्जर्वर चेत राम मीणा व अनु बंसल, पुलिस आब्जर्वर डॉ. रवि तथा यमुनानगर के उपायुक्त एवं जिला नर्विाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अम्बाला जश्नदीप सिंह रंधावा, एडीसी अम्बाला अपराजिता, एडीसी पंचकूला सचिन गुप्ता सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने उम्मीदवारों एवं इलेक्शन एजेंट को बताया कि 7ए फाईनल हो चुका है। बेल्ट पेपर छपने के कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया को पूरा करवाने के दौरान किसी प्रकार का भेदभाव, पक्षपात नहीं किया जाएगा और एक समान व्यवहार किया जाएगा। चुनाव प्रचार के दौरान वाहन, लाउडस्पीकर, रैली की परमिशन सुविधा ऐप के माध्यम से ले सकते हैं। इसी प्रकार आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर फोटो या वीडिया अपलोड करके की जा सकती है। शिकायत प्राप्त होने के 100 मिनट के अंदर उस पर कार्रवाई करते हुए उसका निदान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम का रेंडमाइजेशन उम्मीदवारों एवं उनके एजेंटों के समक्ष किया जाएगा तथा इसकी सूचना भी उन्हें दे दी जाएगी। इलेक्शन कंट्रोल रूम भी बनाया गया है उन्होंने बताया कि 24 मई को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्र पर पंहुच जाएंगी। 25 मई को सुबह मतदान से पहले मॉक पोल होगा। प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। हर पोलिंग स्टेशन की वेबकॉस्टिंग भी की जाएगी।

# ब्यूटी पार्लर के लिए निकली युवती लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैंट में घर से ब्यूटी पॉलर्र के लिए निकली युवती वापस घर नहीं लौटी। युवती 6 मई की सुबह से लापता है। परिजन अपनी बेटी को ढूंढने के लिए दिन-रात भटक रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। युवती की मां ने पड़ाव थाने में शिकायत दी है। महिला ने बताया कि उसके पास 3 बेटी और एक बेटा है। सबसे छोटी 19 वर्षीय बेटी लक्ष्मी नगर में रिलैक्स जोन पॉलर्र पर काम करती थी। 6 मई की सुबह साढ़े 10 बजे घर से काम के लिए निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। युवती की मां ने बताया कि उन्होंने ब्यूटी पॉलर्र में भी पूछताछ की, लेकिन उसकी बेटी वहां भी नहीं पहुंची। महिला ने बताया कि उसकी बेटी घर से भी कुछ नहीं लेकर गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# दोसड़का को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

- ग्रामीण बोले 1200 वोट वाले दोसड़का की अलग पंचायत बनाई जाए, न स्ट्रीट लाइट का प्रंबध और न साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** दोसडक़ा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग करते निवासी। फोटो :हरिभूमि

दोसड़का के लोगों ने एकत्रित होकर ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की। दोसड़का के अरूण बिड़लान, सोनू, सुखविंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुमित, तिलकराज, मेघराज ने कहा कि अंबाला-जगाधरी रोड़ पर दोसड़का हल्का मुलाना का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर मतदाताओं की संख्या लगभग 1200 है लेकिन इसके बावजूद भी दोसड़का को ग्राम पंचायत का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। यह बिल्कुल गलत है। लोगों की माने तो दोसड़का में न तो स्ट्रीट लाइट का सही प्रंबध है न ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाता है। कई कॉलोनियों में तो पानी की निकासी की समस्या बहुत गंभीर है। लोगों का कहना है कि मेन रोड पर स्थित होने के कारण दोसड़का में अच्छी-खासी मार्केट है लेकिन इसके बावजूद भी यहां पर कोई भी सीसीटीवी की सुविधा नहीं है। जिस कारण चोरी की घटनाएं होना आम बात हो चुकी है। ऐसे में स्थानीय लोग कई सालों से सरकार से अलग पंचायत बनाने की मांग करते आ रहे है। एडवोकेट अरूण बिड़लान का कहना है कि तीन सौ-चार सौ की वोटों वाले गांवों में तो पंचायतें बनी हुई है लेकिन 1200 के करीब वोट होने के बावजूद भी दोसड़का को पंचायत का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने हरियाणा सरकार से दोसडक़ा में अलग पंचायत बनाए जाने की मांग की है।

# सुदीर्घ तप की स्मृति का ऐतिहासिक पारणा महोत्सव संपन्न

- एसएस जैन सभा की ओर से आयोजित हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** जैन मुनियों के साथ जैन समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

एसएस जैन सभा में विश्व वंदनीय, विश्व धर्मों के जनक, जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव स्वामी के 1 वर्ष 1 माह व 10 दिवस के सुदीर्घ तप की स्मृति का ऐतिहासिक पारणा महोत्सव का समापन हुआ।

अक्षय तृतीया व स्वर्णिम दीक्षा महोत्सव मनाने का मंगल व पावन अवसर युगपुरुष उपप्रवर्तक परम पूज्य सुभाष मुनि महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उनके स्वर्णिम प्रवज्या वर्ष प्रवेश पर संयमोत्सव का भी आयोजन हुआ। परम पूज्य गुरुदेव सुरेंद्र मुनि महाराज के सुशिष्य सुभाष मुनि महाराज व सुधीर मुनि महाराज ने इस पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन में कहा कि जो मनुष्य विद्या, कला आदि में चतुर मनुष्य को देखकर संतुष्ट होता है व विवेकी की और ज्ञानी पुरुषों की प्रशंसा करता है। वह मनुष्य स्वर्ग जाकर व्यवहार के कार्यों में निपुण होता है। पारणा महोत्सव के समापन पर प्रातः काल में भगवान ऋषभदेव की जी पादुका का पूजन व आरती हुई। सुभाष मुनि महाराज व सुधीर मुनि महाराज ने बताया कि कि भारतभूमि वह पवित्र भूमि है। अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान ने संयम प्राप्त किया था।

जैन धर्म में अष्टापद का विशेष महत्व है। यह तीर्थ वैसे तो हमारी आंखों से ओझल है। किंतु हस्तिनापुर तीर्थ क्षेत्र पर विराजमान अष्टापद है। जिनके दर्शन मात्र से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। इस मौके पर एसएस जैन सभा ने गन्ने के रस का भंडारा लगाया। आयोजित महोत्सव में दूर दूर से श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधान नरेश जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन, अशोक बंसल, ज्ञान चंद जैन, अशोक जैन, राम मूर्ति जैन, उमेश जैन, राम कुमार जैन, सुशील जैन, प्रमोद जैन, भूपेंद्र जैन, विमल जैन, सोहनलाल जैन आदि उपस्थित रहे।

### परिवहन मंत्री असीम गोयल ने भगवान परशुराम का लिया आशीर्वाद

**अंबाला।** अक्षय तृतीया के दिन ही शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती भी मनाई गई है। बता दें कि अक्षय तृतीया के दिन वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम ने जन्म लिया था। जन्म के समय इनका नाम राम रखा गया था। कुछ समय बाद जब राम को महादेव ने परशु नामक शस्त्र दिया, तो उन्हें परशुराम कहा जाने लगा। अंबाला शहर के बलदेव नगर में भी आज भगवान परशुराम की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसमें सरकार के परिवहन मंत्री असीम गोयल भी मुख्य रूप से शामिल हुए। भगवान परशुराम के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बलदेव नगर में भगवान श्री परशुराम भवन में ब्राह्मण सभा बलदेव नगर द्वारा भगवान परशुराम जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे परिवहन मंत्री असीम गोयल का आयोजकों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जिसके बाद परिवहन मंत्री असीम गोयल ने भगवान परशुराम की तस्वीर को पुष्प अर्पित कर माथा टेका । कार्यक्रम में आए लोगों को मंत्री असीम गोयल ने भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के पर्व बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


**अंबाला।** भगवान परशुराम का आशीर्वाद लेते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल।

### बच्चे के जन्मदिन पर स्कूल में पौधरोपण

**बराड़ा।** राजकीय प्राइमरी स्कूल टंगैल में दुष्यंत कुमार जेबीटी टीचर ने अपने बेटे के पहले जन्मदिन स्कूल के बच्चों के बीच में मनाया। इस दौरान उन्होंने सकुं ल मुखिया गीता रानी के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया व बच्चों को मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहना चाहिए और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस मौके पर हैडमास्टर सत्य प्रकाश, एबीआरसी गौतम, मोनिका रानी, हरविंद्र छाबड़ा व दीपा धीमान आदि मौजूद रहे।


**बराड़ा।** पौधरोपण करते हुए दुष्यंत कुमार व अन्य। फोटो :हरिभूमि


**बराड़ा।** समारोह में भाग लेता सर्व समाज। फोटो :हरिभूमि

# परशुराम ने सांमजस्य एवं भाइचारे का संदेश दिया

**बराड़ा।** वैश्य समाज वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में स्थानीय मुख्य बाजार में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन कर सामाजिक सांमजस्य एवं भाइचारे का संदेश दिया। प्रधान अमित गर्ग ने बताया कि भगवान परशुराम वष्णिु के दशम अवतारों में से एक व ब्रह्माण ऋषि की संतान थे। भगवान परशुराम आठ मुख्य चिरंजीवियों में से एक हैं। इनको साक्षात मानकर पूजा की जाती है। सर्व समाज द्वारा परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर फलों का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप शर्मा, पिंटू राणा, मुकेश मत्तिल, सचिन जैन, आशीष मत्तिल, विशू गोयल, ऋषि राणा,दीपक गुप्ता, रजत जैन, मुकेश गुप्ता, विक्रम प्रोचा, कुमार गर्ग, सहित अन्य संस्था के पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे।

परशुराम मंदिर एवं धर्मशाला में आयोजित हुआ भव्य समारोह

# विष्णु के छठे अवतार परशुराम पूरे समाज के आराध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** अतिथियों को सम्मानित करते सेवादल के सदस्य व कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

भगवान विष्णु के छठे अवतार शस्त्र-शास्त्र के ज्ञाता पराक्रम के प्रतीक भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तरीय यह कार्यक्रम चंडीगढ़ रोड पर स्थित परशुराम मंदिर एवं धर्मशाला में आयोजित किया गया इसमें विप्र समाज के साथ साथ सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रशाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम सेवादल के जिला प्रधान नरेंद्र देव शर्मा ने की। उन्होंने मौजूद समाज के लोगो को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम के जीवन पर विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि हमे अपनी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से वाकिफ करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे आराध्य देव, देवी देवता और महापुरुष किसी एक समाज, जाति वर्ग के न होकर सर्वसमाज के होते हैं इसी प्रकार भगवान परशुराम भी सर्वसमाज के आराध्य हैं । इस कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के लोग और सामाजिक संस्थाए भाग ले रही है। उन्होंने भगवान परशुराम सेवादल द्वारा मंदिर व धर्मशाला के साथ ही सटी हुई भूमि खरीदने व दल द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा भी रखा। सेवादल के पूर्व प्रधान श्याम लाल कौशिक, हरीश शर्मा, तेजेश शौनक ने भी भगवान परशुराम जी की शिक्षाओं पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के भाई सुरेश नंबरदार, पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता, राजीव मेहता, श्याम प्रकाश, उद्योगपति अनिल चौधरी, नपा वाइस चेयरपर्सन के प्रतिनिधि आशु गुप्ता, श्री कृष्ण गौशाला समिति के प्रबंधक सुमन गुप्ता, नपा सदस्य राजेश धीमान टिंकू,मनीष अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। ब्ल्यू बेल्स स्कूल के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। परशुरराम सेवा दल के प्रधान अश्वनी बावा ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं व विशिष्ट अतिथियों को अपनी टीम के साथ भगवान परशुराम के चित्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तेज पाल शर्मा, माम चंद कुराली, राजेंद्र सरपंच, सतीश शास्त्री, विजय बक्शी, सुरेंद्र आर्य, ऋषि शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संजीव कौशिक, विनोद शास्त्री, प्रदीप शर्मा, सुशील शर्मा, राजकुमार शर्मा, विकास शर्मा, ऋषि गौतम, ताजेश शर्मा, हरीश शर्मा, सुरिंद्र आर्य, चंद्रकांत शर्मा, कौशल शर्मा, नवीन शर्मा, श्यामलाल कौशिक, मोना पंडित, रोहित जोशी, विजय शर्मा भी मौजूद रहे।